## श्री आनंद मिश्र , माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त निवेदन संख्या-500/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर प्रखण्ड के अन्तर्गत कमरपुर पंचायत के कमरपुर ग्राम में नहर के किनारे लगभग 6 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की अत्यन्त आवश्यकता है। प्रस्तावित सड़क कमरपुर से प्रारंभ होकर नहर मार्ग से होते हुए महादेवा-चौसा मुख्य सड़क तक जुड़ती है। वर्त्तमान में उक्त मार्ग के अभाव में स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी तथा सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।<br>अतः निवेदन है कि जनहित में सर्व-ऋतु मानक के अनुरूप कमरपुर ग्राम में नहर के किनारे सड़क का निर्माण/पुनर्निर्माण/उन्नयन कर स्थानीय समस्या समाप्त करने तथा निर्वाध आवागमन सुनिश्चित करने हेतु तकनीकी सर्वेक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। | वस्तुस्थिति यह है किः-<br>• प्रश्नगत मामला गंगा पम्प नहर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 0.39 तक सेवापथ एवं उक्त नहर के कि०मी० 0.39 (बायाँ) से निःसृत लक्ष्मीपुर माइनर के कि०मी० 4.00 तक के सेवापथ के पक्कीकरण करने से संबंधित है।<br>• गंगा पम्प नहर के 0.00 से कि०मी० से 0.39 कि०मी० तक सेवापथ पक्का है तथा लक्ष्मीपुर माइनर के कि०मी० 0.00 से कि०मी० 4.00 तक सड़क कच्चा है, जिसका उपयोग ग्रामीणों द्वारा आवागमन हेतु किया जाता है।<br>• वर्तमान में सड़क के पक्कीकरण का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।<br>• अन्य विभाग से प्रश्नगत सड़क के पक्कीकरण का प्रस्ताव प्राप्त होने पर विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–44 / 2026 पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपि:– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–876 दिनांक–04.05.2026 के आलोक में निवेदन सं0–500 / 2026 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन तीन प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–44 / 2026 पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपि:– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–44 / 2026 पटना / दिनांक :......................

प्रतिलिपि:– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–44 / 2026 3823 पटना / दिनांक : 09/07/2026

प्रतिलिपि:– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/7/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव